# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 18 अप्रैल 2026


## न्यूज कार्नर

### सीहोर में महासम्मेलन का शुभारंभ आज



**सीहोर।** भोपाल डिवीजन इश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन का दो दिवसीय महासम्मेलन सीहोर शहर में पहली बार होने जा रहा है। लुनिया चौराहा स्थित यशराज मैरिज गार्डन में शनिवार 18 से रविवार 19 अप्रैल तक आयोजित होगा। सम्मेलन का शुभारंभ एलआईसी कार्यालय से वाहन रैली से होगा। रैली एलआईसी से भोपालनाका इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा लीसा टाकिज चौराहा तहसील चौराहा से शकर फेक्ट्री रोड से होते हुए यशराज मैरिज गार्डन में आमसभा के साथ संपन्न होगी। इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के विजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन रा'य महासचिव सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू)के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान के द्वारा किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महासचिव श्रीकांत मिश्रा और ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्रा होंगे। सम्मेलन में एलआईसी के शेयर बेचे जाने, पुरानी पेंशन बाहल करने एलआईसी में नई भर्ती शुरू करने, बीमा में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के खिलाफ महांगाई के खिलाफ एवं युद्ध के खिलाफ शांति के लिए चर्चा होगी व निर्णय लेकर यूनियन की रणनीति तय की जाएगी।

### नारा लेखन में प्रीति व पोस्टर प्रतियोगिता में निधि ने मारी बाजी



**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था माय भारत सीहोर द्वारा हिताय सीहोर के सहयोग से उप निदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और संविधान की प्रस्तावना के वाचन के माध्यम से युवाओं ने अंबेडकर के योगदान और आदर्शों को अपनी प्रतिभा से कागज़ पर उकेरा। हिताय के संचालक उमेश पंसारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया, जिनका निर्णय महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। नारा लेखन में प्रथम स्थान प्रीति, द्वितीय चांदनी एवं तृतीय स्थान संतोषी ने प्राप्त किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, आस्था ने द्वितीय और अश्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और आभार प्रदर्शन कर महाविद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सहित एवं अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ साढ़े चार सौ प्रकरण दर्ज

# अप्रैल 25 से मार्च 26 तक खनिज विभाग ने 2 करोड़ से अधिक वसूले

**जागरण, सीहोर।** जब से खनिज विभाग सीहोर के खनिज अधिकारी धर्मेन्द्र चौहान ने कार्यभार संभाला है तब से लेकर आज तक जिले में अवैध उत्खनन अवैध परिवहन और खनिज संपदा का अवैध भंडारण करने वलों की नींद उड़ी हुई है। खनिज विभाग द्वारा नर्मदा नदी में किए जा रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई का ही परिणाम है शासन के राजस्व में तो बढ़ोत्तरी हो ही रही है वहीं खनिज माफिया में भय और दहशत के माहौल बना हुआ है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक के दौरान खनिज अमले द्वारा की गई कार्रवाई को ही देखा जाए तो खनिज विभाग द्वारा जहां अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के खिलाफ 448 से अधिक मामले दर्ज किए तथा 442 मामलों का निराकरण करने में भी सफलता प्राप्त की इसके अलावा बड़ी संख्या में अवैध परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्राली, डंपर तथा उत्खनन में कार्यरत नाव वाले इंजन पोकलेन मशीनें, जेसीबी, लोडर आदि जप्त करने में सफलता प्राप्त की वहीं दर्ज प्रकरणों में 2 करोड़ 5 लाख 62 हजार 838 रुपए का राजस्व वसूला है।



#### कहां से कितना वसूला राजस्व

जिला खनिज अधिकारी धर्मेन्द्र चौहान ने बताया कि विभाग द्वारा बीते एक वर्ष में खनिज माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन सहित अवैध भंडारण पर भी सतत कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ से भी अधिक का राजस्व वसूला गया है। श्री चौहान के अनुसार जिले में अवैध उत्खनन के 89 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 86 मामलों का निराकरण करते हुए उनसे 61 लाख 4 हजार 708 रुपए इसी प्रकार अवैध परिवहन के 347 मामले दर्ज हुए थे। इनमें से 344 मामलों का निराकण करते हुए उनसें 1 करोड़ 38 लाख 31 हजार 356 रुपए वसूले और अवैध भंडारण के 12 मामलों में 6 लाख 26 हजार 774 रु की वसूली की गई। इस दौरान दर्ज किए गए कुल 448 में से 442 मामलों का निराकरण हुआ है।

#### अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्रवाई



खनिज अधिकारी धर्मेन्द्र चौहान द्वारा कलेकटर कों निर्देश पर खनिज माफिया के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में बुधनी एवं रेहटी के अन्तर्गत अवैध खनिज गतिविधि की रोकथाम हेतु खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। दल द्वारा रेहटी में रेत के अवैध ओवर लोड में संलग्न 01 डंपर को एवं अवैध परिवहन में संलग्न 03 *ट्रेक्टर ट्रली* को जप्त कर थाना रेहटी की अभिरक्षा में दिया गया है ! इन सभी वाह्नों पर खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने की कार्यवाही की जावेगी। संयुक्त टीम द्वारा जिले में लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## समस्या निराकरण के लिए पीएचई विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविर



**जागरण, सीहोर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा सीहोर जिले में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता को एफटी के किट के माध्यम से पेयजल परीक्षण और पंप ऑपरेटर्स को योजना के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पेयजल स्त्रोतों के आस-पास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए स्थापित कंट्रोल रूम में 203 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से लगभग 183 शिकायतों का त्वरित एवं सम्यक निराकरण किया जा चुका है। सीहोर जिले में विभिन्न विकास खण्डों में 15 नलकूपों की सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया है। विगत 01 माह मे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित लगभग 58 हैंडपंपों में नए राइजर पाइप बढाकर हैंडपंपों को चालू किया गया है। इसके साथ ही ऐसे हैंडपंप जिनका जल स्तर कम होने के कारण आंशिक रूप से क्रियाशील थे, उनमें 26 सिंगल फेज मोटर पंप डालकर सुचारू पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की गई है।

#### विद्यार्थी ने निकाली रैली

कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में भैरूंदा के शासकीय सांदीपनि स्कूल में प्रेरणादायक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जल के महत्व, संरक्षण और भविष्य के लिए इसकी आवश्यकता पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सभी ने जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय में अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा ग्राम भील खेड़ी सड़क आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता को एफ़टीके किट के माध्यम से पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया तथा पंप ऑपरेटर्स को वॉल्व वाइस योजना संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

## युवा शक्ति का धर्म के मार्ग पर चलना जरूरी : संत माधव दास



**जागरण, सीहोर।** युवा शक्ति का धर्म के मार्ग पर चलना राष्ट्र और समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है, जो अनुशासन, नैतिकता, सत्य और कर्तव्यपरायणता सिखाती है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में पहुंचे प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज ने यहां पर मौजूद युवाओं को युवा सम्मेलन के दूसरे दिन संबोधित किया।

संत माधव महाराज ने कहाकि मनुष्य को समाज की सेवा करनी चाहिए। वास्तव में, समाज सेवा मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। इससे मनुष्य को दैवीय शक्ति प्राप्त होती है। समाज सेवा वास्तव में ईश्वर की सेवा है। मनुष्य का अस्तित्व किसके लिए है, समाज के लिए। इसी प्रकार, समाज का अस्तित्व सृष्टि के लिए है। यही संपूर्ण सृष्टि का आधार है। सृष्टि ईश्वर की अभिव्यक्ति है। मनुष्य का उसमें एक अद्वितीय स्थान है। लेकिन यदि मनुष्य पशुओं और पक्षियों की तरह व्यवहार करे तो उसका क्या लाभ, इसलिए भगवान का नाम और सत्संग आदि करना चाहिए।

उन्होंने कहाकि इस दुनिया की रक्षा करने की क्षमता केवल युवाओं में है। इस दुनिया को सही राह पर लाने का काम भी युवाओं का ही है। युवाओं के बिना कोई भी राष्ट्र ख ?ा नहीं रह सकता। कभी-कभी बड़े-बुजुर्ग युवाओं की क्षमताओं को कम आंकते हैं, यह सोचकर कि वे अनुभवहीन और युवा हैं। लेकिन युवाओं में अपार शक्ति समाहित है। यदि वे दृढ़ निश्चय कर लें, तो वे कुछ भी हासिल कर सकते हैं। यदि वे अपनी शक्ति को पहचान लें, तो वे राष्ट्र को मुक्ति दिला सकते हैं। इसके लिए किसी शिक्षा की आवश्यकता नहीं है।

#### उर्स का आयोजन 5 मई को

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाये जाने वाले उर्स के पावन अवसर पर प्राचीन सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह की दरगाह, तहसील चौराहा स्टेशन रोड सीहोर में उर्स कमेटी के तत्वाधान में उर्स त्योहर आगामी 5 मई को मनाया जाएगा।

#### सप्त दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस सम्मेलन कल से



**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रविवार से भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठ महोत्सव एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ रविवार से आरंभ हो जाएगा। शहर के बस स्टैंड के पास जयंती कालोनी में भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। वहीं पर प्रतिदिन श्रीराम कथा दोपहर बारह बजे और रात्रि में राम लीला का मंचन किया जाएगा। इसके लिए श्री-श्री 108 यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पंडित अनिल शास्त्री द्वारा यज्ञशाला की तैयारियां पूर्ण की गई है। अब रविवार को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पंडित कटारे बाबा ने बताया कि महायज्ञ में 84 जोड़ों के बैठने की व्यवस्था की गई है। अब तक दो दर्जन से अधिक जोड़ों की सूची मिली है जो भी इस यज्ञ में बैठने का इच्छुक है, मंदिर समिति से संपर्क कर सकता है। 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। रामायण में भी यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है।

## सीटू नाले पर अतिक्रमण करने वाले पर हो कार्रवाई : शर्मा

**जागरण, सीहोर।** सीहोर नगर में जो हो जाए थोड़ा है। यहां रसूखदारों द्वारा नियम कानून की धज्जियां उड़ाना आम बात है और इसे वो स्टेटस सिंबल समझते हैं। ऐसा ही एक मामला सीहोर में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें एक रसूखदार परिवार ने सारे नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए सीहोर के जीवनदायी सीटू नाले पर इंग्लिशपुरा पुल से सटाकर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बना लिया और सबसे बड़ी बात तो ये है कि प्रशासन की नाक के नीचे किए गए इस अवैध निर्माण की जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका को कानों कान खबर नहीं हुई या फिर सबकुछ मालूम होने के बाद भी जिम्मेदारों ने इस रसूखदार की ऊंची पहुंच से घबराकर इस ओर से आँखें मूंदकर रखीं, क्योंकि किसी भी नए निर्माण की अनुमति देने पर नगरपालिका के कर्मचारी मौका मुआयना करते हैं, लेकिन इस मामले में सीहोर नपा के जिम्मेदारों द्वारा ये जहमत नहीं उठाई गई।

अगर वो समय रहते मौका मुआयना कर लेते तो सीटू नाला आज इस दुर्दशा का शिकार नहीं होता और इसके अस्तित्व पर इतना गंभीर संकट खड़ा नहीं होता। इस रसूखदार परिवार की कारगुज़ारी पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने तीखा हमला बोला है।

उन्होंने एक बयान जारी कर जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका से तत्काल इस अतिक्रमण को ध्वस्त कर सीटू नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा है कि गर्मी के समय ये नाला आधे सीहोर के जल स्त्रोतों को रिचार्ज करता है तथा मवेशियों के लिए पीने के पानी के लिए भी उपयोग में आता है, तो वहीं भरी बारिश के मौसम में ये जल का निस्तार कर नगर को बाढ़ की समस्या से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि ये अतिक्रमण जल्द ही नहीं हटाया गया तो इस नाले का अस्तित्व खत्म हो जाएगा, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को गंभीर जलसंकट का सामना करना पड़ेगा, तो वहीं तेज बारिश होने पर नगर में जलजमाव और बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने से भी आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, साथ ही इससे जलीय जंतुओं, वनस्पतियों, पेड़ पौधों के अस्तित्व पर संकट खड़ा होने से गंभीर पर्यावरणीय असंतुलन भी खड़ा हो सकता है।



पंकज शर्मा ने जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका से मांग की है कि तत्काल इस अतिक्रमण को ध्वस्त कर सीटू नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा इसकी अनुमति देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए इस रसूखदार परिवार पर भी भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए तथा अतिक्रमण हटाने के पूरे खर्च की वसूली भी इसी रसूखदार परिवार से की जानी चाहिए और भविष्य में कोई भी रसूखदार व्यक्ति ऐसा ना कर सके ये भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पंकज शर्मा ने सीहोर जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका से पूरे नाले का सीमांकन करवाने तथा इसके आसपास से सभी स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाकर इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने की भी मांग की है।

उन्होंने अंत में कहा कि यदि इस रसूखदार परिवार के अतिक्रमण को शीघ्र ही नहीं हटाया गया, तो सीटू नाले के अस्तित्व को बचाने हेतु तथा सीहोर की जनता के हित में वो धरने पर बैठेंगे और साथ ही माननीय उच्च न्यायालय, एनजीटी, पर्यावरण विभाग में भी इसकी शिकायत कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग करेंगे।

### कंचन विहार विश्वनाथपुरी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सात दिवसीय श्रीराम कथा जारी

# अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए श्रीराम सारा राजपाट त्यागकर वन में चले गए: महंत उद्धवदास

**जागरण, सीहोर।** भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए सारा राजपाठ त्यागकर वन में चले गए। इससे हमें सीख लेना चाहिए कि हमें स्वयं की चिंता न करते हुए यदि जरूरत पड़े तो अपने परिवार समाज व देश के लिए सब कुछ त्याग देना चाहिए। भगवान श्रीराम को मर्यादा श्रीराम कहा जाता है, उन्होंने मानव जाति के कल्याण के लिए आने मार्ग बताए है। उक्त विचार शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा में महंत उद्धवदास महाराज ने कहे। कथा के दौरान महाराज ने शबरी जी का प्रसंग एवं नवधा भक्ति की चर्चा की।






महंत उद्धवदास महाराज ने अपनी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में अनेक प्रसंग बताते जिसमें भगवान श्री राम अपने भाई लक्ष्मण से कहते है कि हे भाई इस जगत में माता-पिता की सेवा से ब ?कर कोई धर्म नहीं है। तुम यहीं रहकर उनकी सेवा करो, लेकिन अंतत वे राम के ही साथ हो लिए। माता कैकेयी का भी अपने पुत्रों से प्रेम अथाह है, तभी तो राम जब अयोध्या लौटते हैं तो सबसे पहले माता कैकेयी के भवन मे जाते हैं। कैकेयी को भी सही दिशा नजर नहीं आती, उसकी वेदना के जल की थाह नहीं है। कैकेयी ऐसी स्थिति में है जहां राम वनगमन के समय खुशहाली की ओर जाने का रास्ता नजर नहीं आता, वह इससे न मुक्त हो रही है न झेल पा रही है। मां-बाप की अकारण अवहेलना ठीक नहीं, क्योंकि उनका स्नेह एवं दर्शन से जीवन हरा-भरा हो उठता है एवं बच्चों को वे उनके सरस जीवन स्नेह से सिंचित करते रहते हैं।

भरत का श्री राम को मनाने के लिए चित्रकूट जाना प्रभु श्री राम राजा जनक एवं गुरु वशिष्ट का भरत जी को समझाना। शबरी जी का प्रसंग एवं नवधा भक्ति की चर्चा पंपा सरोवर पहुंचने पर नारद जी द्वारा प्रभु श्री राम से यह वरदान प्राप्त करना कि राम नाम के प्रभाव से सभी पापों का छय होगा। अष्टम दिन की कथा के दौरान श्री हंसदास मठ से महंत हरिराम दास महाराज ने कथा स्थल पर व्यास पूजन करने के उपरांत उपस्थित भक्त जनों का मार्गदर्शन किया। उपस्थित भक्तों से गौ सम्मान अभियान में जुड़ने हेतु आग्रह किया।

## आरएसआई ने सीहोर मिनी बाइज टीम को हराया



**जागरण, सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शुक्रवार की शाम को आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज टीम को 2-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में करीब 100 से अधिक बच्चों ने अभ्यास किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबला खेला गया था। इसमें आरएसआई ने सीहोर मिनी को 2-0 से हराया। इसमें आरएसआई टीम की ओर से सार्थक-राजवीर ने 1-1 गोल किया।

## न्यूज कार्नर

### पोषण माह अंतर्गत हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**जागरण, टिमरनी।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ पूजा शर्मा के द्वारा महिलाओं, बच्चों एव परिवारजनों को समझाईश दी, कि बच्चों के लिए घर पर बने पौष्टीक भोजन सेहत के लिए बहुत उपयोगी है। डिब्बा बंद चीजो व जंक फूड उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई। उपस्थित महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इस कार्यक्रम में डॉ प्रणय शर्मा व डॉ पूजा शर्मा ने अपने बेटे का जन्मदिवस आगनवाडी में बच्चा के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया एवं बच्चों को स्वल्पहार और गिफ्ट विवरण किए गए।

बच्चों का वजन मापन एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग कर स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋतु धनगर, सहायिका विमला सोनपुरे, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रामप्यारी काजले सहित अन्य कर्मचारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सियोन-रे स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण, खिरकिया।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में छीपाबाड स्थित सियोन-रे इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें अक्षय जैन ने सर्वाधिक 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशेष उपलब्धि के रूप में अक्षय ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्षय के साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। टॉपर्स की सूची में प्रणव भगत 89.8:, पुष्पेंद्र गुर्जर 87.4:, रेहान खान 82.4:, कनक चौधरी 80.2: और रुपांशी अग्रवाल 80: ने अपनी जगह बनाई। इनके अलावा कृष्णा तिवारी 79.4:, आकाशी राय 78:, कृतिका रायखेड़े 74.8:, हर्षित गंगराड़े 74.2:, परविंदर सिंह खनूजा 73.2:, चेतन राजपूत 72.2: और यशस्वी वर्मा 72.2: ने भी सम्मानजनक अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक जयसिंह राजपूत ने हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा यह सफलता विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के भरोसे का परिणाम है। अक्षय जैन द्वारा एसएसटी में पूर्ण अंक प्राप्त करना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

**सूचना**

**राममूर्ति जानकी श्रीराम मंदिर निमोटा, तहसील भैरुंदा जिला सीहोर मध्यप्रदेश**

ग्राम निमोटा में स्थित राममूर्ति जानकी श्री राम मंदिर तहसील भैरुंदा जिला सीहोर मध्य प्रदेश की ग्राम निमोटा स्थित भूमि सर्वे नंबर 136/2, 141, 142, 143, 297/139/2, रकबा कमशः 2.023 हे., 0.5910 हे., 19230 हे., 1.1130 हे., 2.2010 हे., कुल रकबा 7.851 हेक्टेयर Krishi भूमि प्रतिवर्ष अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए नीलामी/किराये/बंटिया पर दी जाना है। उक्त के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष उक्त भूमि सर्वे नंबर की नीलामी 2 लाख 11 हजार रूपये में की गई थी। जिसे 10 प्रतिशत बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दिनांक 25/04/2026 को स्थान ग्राम पंचायत भवन निमोटा में समय 12:00 बजे दोपहर को रखा गया है।

**नियम एवं शर्तों**- 1. यह कि नीलामी की राशि नीलामी के समय 50 प्रतिशत देना अनिवार्य है, शेष राशि 1 माह की समयावधि में देना रहेगा इस हेतु शेष राशि का चैक भी मान्य है, जो कि संचालक राम मूर्ति श्री राम जानकी मंदिर निमोटा के नाम से देय होगा, 2. किसान के साथ अनुबंध 11 महीनों का पंजीकृत दस्तावेज के साथ किया जाएगा जिससे मुआवजा/शासन से सहायता/राहत राशि आदि का लाभ सीधे किसान को मिलेगा अथवा पंजीयन स्वयं किसान कर सकेगा पंजीकृत अनुबंध का व्यय कृषक का रहेगा।

**संचालक**
**राममूर्ति जानकी श्रीराम मंदिर ग्राम निमोटा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म.प्र.**

शराब के नशे में शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खून-खराबे में बदला

# शराब की दुकान पर पुरानी रंजिश भड़की, बोतल और पत्थरों से हमला

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर की देशी शराब दुकान गुरुवार को दोपहर करीब 3:30 बजे रणभूमि में बदल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के चार युवकों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खून-खराबे में बदल गया, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान पहले एक पक्ष के युवक ने अंकेश के सिर पर वियर की बोतल से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद दूसरे पक्ष से रोहित पर बड़ा पत्थर उठाकर उसके माथे पर जोरदार बार किया गया। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि रोहित मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को तुरंत स्थानीय सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बाद में रोहित की हालत अधिक नाजुक होने पर उसे भोपाल स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। अंकेश का भी इलाज चल रहा है। घटना में नितेश और संतोष के



शामिल होने की बात सामने आई है, जबकि रोहित और अंकेश गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रोहित के सिर पर पत्थर से गंभीर चोट आई है, जिससे उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है और बयान दर्ज किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है फ़लिहाल दोनों पक्षों पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों घायलों का इलाज पुलिस निगरानी में कराया जा रहा है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## 95 फीसदी अंकों के साथ सत्यम पंवार जिले में चौथे स्थान पर रहा





**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में नगर की शिक्षण संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सत्यम पिता देवीसिंह पंवार ने अंग्रेजी माध्यम से गणित संकाय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चतुर्थ स्थान एवं तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। सत्यम का यह सफर संघर्ष, परिश्रम और दृढ़ संकल्प का उदाहरण है। वह एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखते हैं। जहां उनके पिता एक सहकारी संस्था में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बावजूद सत्यम ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और निरंतर मेहनत करते हुए यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने भौतिकी में 100 में से 100 अंक रसायन शास्त्र में 91, गणित में 94, अंग्रेजी में 98 तथा हिंदी में 92अंक अर्जित किए। सत्यम ने बिना किसी कोचिंग के केवल स्वअध्ययन एवं विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की।

कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में संस्था की छात्रा अपूर्वा पिता जयपाल सिंह ठाकुर ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपूर्वा प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि एवं अनुशासित छात्रा रही हैं, जिन्होंने अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहकर यह सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। संस्था का कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर संस्था के संचालक आर.बी. मालवीय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पण का संयुक्त परिणाम है।

**रिमझिम राजपूत का सुयशः** जागरण बुधनी। स्थानीय सेंट पॉल हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल बुधनी की छात्रा कुमारी रिमझिम राजपूत ने एमपी बोर्ड कक्षा 12वीं में कला संकाय में 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य इफ्तेखार खान एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की।



## रेवा सुदर्शन स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सर्वोत्तम







**जागरण बुधनी।** स्थानीय बुधनी नगर स्थित रेवा सुदर्शन हाई स्कूल छैघरा का कक्षा दसवीं एमपी बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का उत्सव मनाया। विद्यालय की मेधावी छात्रा वैष्णवी शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दीपिका जाटव और साहिल दामले ने 88-88 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। काजल कीर ने 86.4 प्रतिशत, अखिलेश मीणा ने 85 प्रतिशत, विवेक कीर एवं पल्लवी ड्यूरेजा ने 84-84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा विशाल राजवर ने 80.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार बेहतर परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास जारी रहेगा।

### महाविद्यालय में मनाया गया नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जा रहा है, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस विशेष अवसर पर प्रभारी आनंद अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 एक ऐतिहासिक कदम है। भारतीय संसद द्वारा पारित एक महत्वपूर्ण विधेयक है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, और समानता को सुनिश्चित करना है। यह अधिनियम महिलाओं को समाज में समान दर्जा देने, उनके खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकने, और उन्हें विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव करता है। महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने और उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा, शोषण, और भेदभाव को रोकने के लिए कठोर कानूनी उपाय किए गए हैं। इसके साथ ही महिलाओं के लिए राजनीति, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के भी प्रयास किए गए हैं।

## भारती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन







**जागरण बुधनी।** भारती विद्या मंदिर बुधनी के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा।विद्यालय के मेधावी छात्र श्रेयांश मौर्य ने 95.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वर्षा अहिरवार ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया तथा अंशिका बरगले ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।अन्य विद्यार्थियों में आनंदी वर्मा ने 86 प्रतिशत, मनु मौर्य ने 84 प्रतिशत, हितैषी यादव ने 81 प्रतिशत, ऋषभ भट्ट ने 80 प्रतिशत तथा हिमांशु कुमार ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।विद्यालय के प्रबंधक विनय यादव ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने घोषणा की कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से टेबलेट उपहार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दिलना राजपूत ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी लगन, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम को देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, स्टाफ एवं विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यायाधीश को अधिवक्ता संघ ने दी भावभीनी विदाई, महिलाओं को 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ एवं न्यायिक कर्मचारियों द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन ईशान ढेगुला के स्थानांतरण पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सेठी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश श्रीमती ऊषा तिवारी, तृतीय जिला न्यायाधीश अब्बासी, सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमती प्रगति मित्रा एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीमती अनुराधा गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सेठी ने कहा कि न्यायाधीश ईशान ढेगुला का नसरुल्लागंज से गहरा नाता रहा है। उन्होंने अपनी न्यायिक सेवा की ट्रेनिंग इसी न्यायालय में पूरी की और बाद में स्वतंत्र बोर्ड का दायित्व संभालते हुए अत्यंत निष्पक्षता और धैर्य के साथ न्यायदान किया। विदाई समारोह के दौरान मंच से अध्यक्ष ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में अधिवक्ता संघ की आमसभा ने कार्यकारिणी में महिलाओं की 30 प्रतिशत



भागीदारी सुनिश्चित की है। इसके तहत श्रीमती वर्षा दोगने को सह-कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही प्रियंका यादव, पिंकी पटेल और सुरभि दुबे को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता संघ द्वारा श्री ढेगुला को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। न्यायाधीश ढेगुला ने अपने संबोधन में नसरुल्लागंज के अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता गण, न्यायालयीन कर्मचारी मौजूद थे।

## सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** शुक्रवार को सांदीपनि विद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने जल के महत्व, वर्तमान जल संकट और संरक्षण के उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत भाग खारा है, जबकि मात्र 3 प्रतिशत जल ही मीठा है, जिसमें से बहुत कम जल मानव उपयोग के लिए सहज उपलब्ध है। ऐसे में जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। यदि आज जल बचाने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम में महेश वर्मा ने कहा कि वर्षा जल संचयन, जल का सीमित उपयोग और अपव्यय रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पल्लवी यादव ने विद्यार्थियों से घर-घर जल



बचत का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। बलवान सिंह सोलंकी ने कहा कि भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, इसलिए जल स्रोतों के संरक्षण के साथ पौधारोपण भी आवश्यक है। राधिका भवरेटा एवं प्रीति चौहान ने दैनिक जीवन में नल खुला न छोड़ने, रिसाव ठीक कराने और जल के पुनः उपयोग जैसे छोटे प्रयासों को प्रभावी बताया।

छात्रा कोमल जाट एवं इशिका बाँकरिया ने जल संरक्षण पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में भारती देवलिया, मंजू वर्मा, सुनीता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने जल बचाने एवं दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### सेंट फ्रांसिस स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**बुधनी।** सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल, बुधनी गर्व के साथ अपने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025ङ्ग26 के उत्कृष्ट परिणाम देकर परचम लहराया विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन ने विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। विद्यार्थी कशक विश्वकर्मा 96.6 प्रथम गीतांजलि पाटी 95.4द्वितीय नम्या गुप्ता 94.6 तृतीय चेतन दुबे 91.6 दिव्यांशी वर्मा 90.8 स्वर्णिम शर्मा 90.8 लक्ष्मी गौर 90.4 लक्षिका विजयवर्गीय 87.4 पूर्वा गौर, 87श्रेयसी साहू 86वेदांत साहू 85.8 विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अर्चना, प्रबंधक महोदया सिस्टर रॉनिटा एवं उप-प्राचार्या सिस्टर सोफिया ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। सभी सिस्टर्स एवं शिक्षकगणों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।कक्षा 10वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। प्रत्येक विद्यार्थी की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, धैर्य और संकल्प का प्रमाण है।




स्लॉट बुकिंग के नियमों में बदलाव के लिए विधायक से लगाई गुहार

# संचालकों ने उठाई किसानों और मजदूरों के हक में आवाज

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों पर इन दिनों हलचल तेज है। लेकिन यह हलचल केवल काम को लेकर नहीं बल्कि नियमों से उपजी नाराजगी को लेकर भी है। बुधवार को क्षेत्र के वेयरहाउस संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस मुलाकात के दौरान संगठन ने जमीनी स्तर पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं को विधायक के सामने रखा। जो वेयरहाउस संचालकों के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं और जिनसे आम किसान और गरीब मजदूर भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। संगठन के सदस्यों ने विधायक को विस्तार से समझाया कि वर्तमान में स्लॉट बुकिंग की जो व्यवस्था लागू है। वह छोटे किसानों के लिए तो ठीक थी, लेकिन अब उसमें बदलाव का समय आ गया है। वर्तमान में अधिकांश 5 एकड़ तक की जोत वाले छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। अब बारी उन किसानों की है जिनके पास थोड़ी ज्यादा जमीन है। संगठन की पुरजोर मांग है कि सभी उपार्जन केंद्रों पर 10 एकड़ तक के खाते वाले किसानों के लिए तत्काल प्रभाव से स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। यदि इसमें देरी होती है तो किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा जिससे उन पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा।

**मजदूरों की आजीविका पर संकट और मजदूर टोटे की चेतावनी:** वेयरहाउस संचालकों ने बताया कि मात्र 1000 क्विंटल की स्लॉट बुकिंग होने के कारण वेयरहाउसों में काम की गति धीमी है। इसका सीधा असर वहां काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी पर पड़ रहा है। काम कम होने की वजह से मजदूरों को पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल पा रही। जिससे उनके घर का चूल्हा जलना मुश्किल हो रहा है। संचालकों ने विधायक को कहा कि यदि स्लॉट की सीमा नहीं बढ़ाई गई तो मजदूर काम छोड़कर अन्य क्षेत्रों की ओर पलायन कर जाएंगे। ऐसे में जब आने वाले दिनों में फसल की आवक बढ़ेगी तब वेयरहाउसों में मजदूरों का टोटा पड़ सकता है।

**तुलाई में पारदर्शिता और सुरक्षा के कड़े मानकः** भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने के लिए संगठन ने प्रशासन के सामने कड़ी शर्तें रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शासन के नियमानुसार सभी केंद्रों पर गेहूं की तुलाई में एकरूपता होनी चाहिए और यह केवल छोटे कांटों के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पारदर्शिता को और पुख्ता करने के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि कांटे को सील कर दिया जाए और वेयरहाउस के मुख्य शटर पर ताला लगाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की हेराफेरी की गुंजाइश न रहे। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट लिमिट और गेहूं के वास्तविक भंडारण का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन बेहद जरूरी है। जो संस्थाएं निर्धारित लिमिट से ज्यादा उपार्जन या भंडारण कर रही हैं। उन पर कठोर वैधानिक और दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि ईमानदार संचालकों का अहित न हो। क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने संगठन की बातों को बड़ी गंभीरता से सुना और स्वीकार किया कि नियमों में सरलता लाना किसानों और व्यवस्था के हित में आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह इस विषय पर संबंधित उच्च अधिकारियों और शासन स्तर पर चर्चा करेंगे ताकि नियमों में आवश्यक शिथिलता बरती जा सके और उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू बनाया जा सके।

### नपाध्यक्ष मेवाड़ा ने किया घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण, निर्देश पर कमी को किया दूर

# पार्वती नदी तट का कायाकल्पः राजस्थानी लाल पत्थरों से संवर रहा नगर का मुख्य घाट

**जागरण, आष्टा।** नगर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली मां पार्वती नदी के तट को अब एक नई और भव्य पहचान मिलने जा रही है। नगरपालिका द्वारा नदी तट के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा एवं प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने पृथक-पृथक नपा अधिकारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में किया।

नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर सीएमओं विनोद प्रजापति को दूरभाष पर अवगत कराते हुए मौके पर आकर कार्य को देखने के निर्देश दिए गए थें, इसके तारतम्य में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा सीएमओ श्री प्रजापति की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर संबंधित निर्माणकर्ता को निर्देशित कर कमी को दूर किया।

**प्रमुख विशेषताएं और निर्माण कार्यः-**



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस परियोजना के तहत घाट को आकर्षक और धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

राजस्थानी लाल पत्थर पूरे तट और द्वार के निर्माण में विशेष नक्काशीदार लाल पत्थरों का उपयोग किया जा रहा हैं, जो इसे राजस्थान के महलों जैसा भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। आकर्षक मुख्य द्वार नदी तट पर छोटे-छोटे और कलात्मक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे है। सुंदरता एवं सुरक्षा की दृष्टि से नदी तट पर नक्काशीदार बाउंड्री का निर्माण भी शामिल है।

**नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षणः**-हाल ही में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने निर्माण स्थल का दौरा कर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा ने निर्माणकर्ता एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री और नक्काशीदार पत्थरों की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होनी चाहिए। सौंदर्यीकरण का कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि नगरवासी जल्द ही इस भव्य घाट का लाभ उठा सकें। वहीं घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि नगर की पहचान मां पार्वती नदी से है। इसके तट का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगाए बल्कि यह हमारी आस्था के केंद्र को एक नया स्वरूप भी देगा। इस अवसर पर पार्षदगण रवि शर्मा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, अरशद अली, जितेंद्र बुदासा आदि मौजूद थें।

# शिविर में 85 दिव्यांगों को दिए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग



**जागरण, आष्टा।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत आष्टा जनपद कार्यालय में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर ऑन द स्पॉट 85 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। शिविर में 11 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड भी बनाए गए। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, सोनू गुणवान, गजराजसिंह, श्रीमती अंजनी चौरसिया द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए।

विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि आज दिव्यांगजनो की ओर से कुछ मांगे की हैएमें इसके ठोस प्रयास करूंगा कि आपकी मांगे हल हो। विधायक ने कहा सरकार दिव्यांगजनो की समस्याओं को लेकर अति गंभीर हैं। आज जो शिविर आष्टा में लगा वैसे जिले की सभी जनपदों में लग रहे है। विधायक ने बताया की वे प्रयास में है कि जल्द ही आष्टा में दिव्यांग शिविर लगे और मेडिकल टीम जांच कर उनेह प्रमाण पत्र वितरित किए जाये।

# सरस्वती शिशु मंदिर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ



**जागरण, आष्टा।** सरस्वती शिशु मंदिर ने वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12वीं में बहिन मानसी राठौर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 10वीं में बहिन प्रतिज्ञा शर्मा ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में टॉपर्स सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य परिवार एवं समिति सदस्यों ने सभी भैया-बहिनों तथा अभिभावकों को भी बधाइ दी। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने न केवल संस्था, बल्कि पूरे नगर का गौरव बढ़ाया हैं।

# अखण्ड ब्राह्मण समाजः परशुराम जयंती एवं परिणय महोत्सव की तैयारी पूर्ण, आज से प्रारंभ होगा दो दिवसीय महोत्सव, कल निकलेगी शोभायात्रा

**जागरण, आष्टा।** अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती एवं परिणय महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। दो दिवसीय महोत्सव 18 अप्रैल शनिवार से मानस भवन में होगा। महोत्सव को लेकर शुक्रवार को एक अहम बैठक शास्त्री विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी।

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष विनीय त्रिवेदी ने बताया कि महोत्सव के तहत 18 अप्रैल शनिवार को महिला संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भजन संध्या एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। दूसरे दिन 19 अप्रैल रविवार को पादुका पूजन, अभिषेक, महाआरती, शोभायात्रा, परिणय उत्सव एवं विदाई होगी। शोभायात्रा मानस भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी। शोभायात्रा के प्रश्चात 6 नवयुगलों का परिणय संपन्न होगा, जो सामाजिक समरसता और संस्कारों का भी प्रतीक बनेगा। शास्ती विद्यालय में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को पृथक-पृथक जिम्मेदारी सौंपी गई।

राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, दिनेश शर्मा एवं निलेश शर्मा ने बताया कि 18 अप्रैल शनिवार की



शाम को 7:30 बजे द्वीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, मंत्र उच्चारण वैदिक मंडल अध्यक्ष पं. मनीष पण्ड्या एवं सदस्य द्वारा किया जाएगा। गणेश वंदना दिव्यांका दिनेश शर्मा द्वारा, अतिथि सत्कार एवं स्वागत, स्वागत भाषण समाज अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी देगें, फैंसी ड्रेस एवं पुरूस्कार वितरण, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, सामूहिक नृत्य एवं पुरूस्कार अंबिका शर्मा, कृतिका दुबे, पीहू शर्मा देगीं।

वरिष्ठ अधिवक्ता एंव इतिहासकार सुधीर पाठक द्वारा समाज को संबोधित किया जाएगा। इसके पश्चात स्वर्ण स्तंभ सम्मान प्रदान किया जाएगा। समूह नृत्य एवं पुरूस्कार अनुष्का शर्मा, कामात्री तिवारी, पूर्वी शर्मा एवं देवांशी शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। रजत स्तंभ सम्मान प्रदान किया जाएगा। समूह नृत्य एवं पुरूस्कार रिशिका भारद्वाज, दिव्यांका शर्मा, अंजली शर्मा, अश्मिका भारद्वाज एवं डोली तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कांस्य स्तंभ सम्मान प्रदान किया जाएगा एवं समूह नृत्य एवं पुरूस्कार विभूति तिवारी एवं काव्या तिवारी प्रस्तुति देंगी। इसके बाद परशुराम स्तंभ सम्मान वितरीत किया जाएगा। इसके पश्चात धार्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियो को पुरूस्कार वितरीत किया जाएगा तथा आभार नवीन कुमार शर्मा द्वारा व्यक्त किया जाएगा।


जितेंद्र दुबे, संजीव दीक्षित, बसंत पाठक, योगेंश शर्मा एवं गौतम शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल रविवार को होने वाले कार्यक्रमो को लेकर अनेक प्रभारी बनाए हैं। जो स्वल्पआहार, पादुका पूजन, अभिषेक, आरती, वर वधु प्रबंधन, साफा व्यवस्था, शोभायात्रा, यातायात, वरमाला, मण्डप एवं विवाह प्रभारी, सहयोग निधि एवं अतिथि सत्कार एवं सम्मान व्यवस्था के प्रभारियों बनाकर समाजजनों को जिम्मेदारी सौपी हैं।

## कक्षा 12वीं में प्रियंका गुर्जर ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**जागरण नलखेड़ा।** ग्राम पंचायत गुजरखेड़ी के सचिव अजब सिंह गुर्जर की होनहार बेटी प्रियंका गुर्जर ने स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में अध्ययन करते हुए कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका द्वारा परिवार के साथ.साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार द्वारा प्रियंका को मिठाई खिलाकर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राज राजेश्वरी से सुख समृद्धि की कामना की



**जागरण अकोदिया।** खाटूश्याम सेना ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के संगठन मंत्री, समाजसेवी डॉ सुशील कुमार गेहलोत ने मां राज राजेश्वरी देवी शाजापुर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ गेहलोत ने चुनरी पुष्प माला और नारियल प्रसाद चढ़ाकर विधि विधान से माताजी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। समस्त कर्मचारियों और पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग का लाभ मिलें। केन्द्र के समान समस्त सुविधाएं प्राप्त हों। अध्यापक संवर्ग तथा समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलें और किसानों को फसलों के उचित मूल्य और मजदूरों को रोजगार मिलें। अच्छी बारिश हो और चारों ओर हरियाली हों। समस्त समाज के लोग प्रगति करें। अशिक्षा का अंधेरा समाप्त हो। बेरोज़गारी और महंगाई पर अंकुश लगें इस प्रकार की प्रार्थना माताजी से की। जय माता दी।

## तीन दिवसीय विज्ञान प्रायोगिक विषय का प्रशिक्षण संपन्न

**जागरण शाजापुर।** राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार शाजापुर जिले के 116 हाईस्कूल और हाईसेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9वी और 10वीं में विज्ञान विषय प ?ाने वाले 97 शिक्षकों का तीन दिवसीय विज्ञान विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में 15 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया।

# गेहूं में मिट्टी बताकर तुलाई से इनकार का आरोप, दुपाड़ा खरीदी केंद्र पर किसानों का हंगामा, काम कराया बंद



**जागरण शाजापुर।** गेहूं में धूल-मिट्टी का हवाला देकर उपज रिजेक्ट किए जाने से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मूल्य पर हो रही तुलाई का काम भी बंद करवा दिया। विवाद इतना बढ़ा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा। शुक्रवार दोपहर अपनी उपज लेकर दुपाड़ा केंद्र पहुंचे किसानों का कहना था कि उनका गेहूं पूरी तरह साफहै, लेकिन केंद्र पर मौजूद सर्वेयर और अधिकारी जानबूझकर इसमें मिट्टी बताकर रिजेक्ट कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि तुलाई के इंतजार में करीब 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां केंद्र पर खड़ी हैं। उनका गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि सुबह 11 बजे ही संबंधित अधिकारियों को समस्या बता दी गई थी, लेकिन घंटों तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। किसानों ने वहां मौजूद कर्मचारियों पर पक्षपात करने का आरोप भी लगाया। किसानों के द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना पर जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और किसानों से बात कर उनका गुस्सा शांत करने की कोशिश की।

### नॉन-एफएक्यू गेहूं से भुगतान अटकने का रहता है खतरा

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा ने किसानों को स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि कुछ ट्रॉलियों का गेहूं नॉन-एफएक्यू श्रेणी में आ रहा है, क्योंकि उसमें मिट्टी की मात्रा तय मापदंडों से ज्यादा है। यदि ऐसे गेहूं की तुलाई कर ली जाए, तो वेयरहाउस में इसके रिजेक्ट होने का खतरा रहता है। इससे सीधा असर किसानों के भुगतान पर पड़ेगा और उनके पैसे अटक सकते हैं। वहीं मोहन बड़ोदिया तहसीलदार दिव्या जैन ने बताया कि सर्वेयर द्वारा गुणवत्ता के आधार पर उपज रिजेक्ट किए जाने के बाद यह विवाद हुआ था। मामले को सुलझाने और वस्तुस्थिति की जांच के लिए नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। जांच के बाद नियमानुसार ही आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सात निजी उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**जागरण शाजापुर।** शासन द्वारा प्रदेश में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमतापूर्वक प्रदान करने के लिए ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से जिले में शतप्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर निजी उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया है।

# आत्महत्या रोकथाम और साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड पर काउंसलिंग सत्र आयोजित



**जागरण शाजापुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में शुक्रवार को आत्महत्या रोकथाम और साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड पर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक विशेष काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक तनाव से उबारना और उन्हें कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान करना था। विशेषज्ञ मार्गदर्शन और साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड सत्र के मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ डॉ. पराग जैन ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने विशेष रूप से साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड विषय पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. जैन ने बताया कि जिस तरह शारीरिक चोट लगने पर प्राथमिक उपचार जरूरी है, उसी तरह मानसिक संकट के समय मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने छात्रों को तनाव के लक्षणों को पहचानने और एक-दूसरे की मदद करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए।

**संस्थान के भीतर सुरक्षा उपाय**

प्राचार्य विपुल परमार्गी और नोडल अधिकारी जोगेंद्र भारती के निर्देशन में संस्थान में छात्रों की मानसिक सुरक्षा हेतु व्यापक कदम उठाए गए हैं। छात्रों की सुविधा और तत्काल सहायता के लिए कॉलेज परिसर के भीतर 10 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर हेल्पलाइन नंबरों के बोर्ड पर प्रदर्शित किए गए हैं। संस्थान द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, छात्र किसी भी समय निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें टेली- मानस भारत सरकार की टोल-फ्री मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवा व उमंग टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर तथा आपात स्थिति के लिए प्राचार्य विपुल परमार्थी और नोडल अधिकारी जोगेंद्र भारती के मोबाइल नंबर भी सूचना पटल पर अंकित किए गए हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य परमार्थी ने कहा कि छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## प्रमुख चौराहों पर नागरिकों को दिया सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**जागरण शाजापुर।** सड़क दुर्घटनाओं या अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने जैसी आपात स्थितियों में लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से, यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों पर आम नागरिकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया। इस अभियान में चिकित्सकों की टीम ने भी पुलिस के साथ मिलकर लोगों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार के गुर सिखाए। शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण के दौरान नागरिकों को समझाया गया कि हृदय गति रुकने या किसी के अचानक बेहोश होने पर तुरंत सीपीआर कैसे दिया जाता है ? लोगों को सही तरीके से छाती पर दबाव बनाने की तकनीक का अभ्यास कराया गया, ताकि एम्बुलेंस या डॉक्टर के पहुंचने से पहले पीड़ित को तुरंत राहत मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि अक्सर सही समय पर मदद न मिलने से जान चली जाती है।

# पायनियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता





कक्षा 10वीं

**जागरण शाजापुर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बैरछा रोड़ स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विशेष सफ्लता हासिल करते हुए विद्यालय का नाम गौरवांवित किया है।

संस्था प्रभारी श्रीमती अंजू शुक्ला ने बताया कि विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी परीक्षा परिणामों में जो सफलता हासिल की है। वह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। यही कारण है कि उत्कृष्ट परिणाम के साथ स्कूल के 12 बच्चों ने विशेष उपलब्धि अर्जित की है। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य विमल जैन, संस्था अध्यक्ष श्रीमती वीणा जैन, उपाध्यक्ष मंगल नाहर, सचिव रामकिशन कारपेंटर, कोषाध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, संचालक श्रीमती प्रमिला जोशी तथा अमरदीप जैन सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इन्होंने की सफलता हासिल

कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणामों के अनुसार अवनी जैन ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रियांशी सांवले 82 प्रतिशतए श्रेया व्यास 81 प्रतिशतए प्रियल मालवीय 80 प्रतिशत, प्रणय शर्मा तथा द्रोण पाटीदार 79 प्रतिशत, धीरज टेलर 77 प्रतिशत, पूनम पाटीदार 76 प्रतिशत, अंजली पाटीदार 73 प्रतिशत तथा शुभम कुंभकार ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा अक्षिता परिहार ने 84 प्रतिशत तथा गंगा सोलंकी ने 78 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# जनगणना 2027 के क्रियानवयन के लिए शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**जागरण शाजापुर।** जनगणना 2027 के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नगर में निर्धारित चार केंद्रों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जनगणना के कार्य के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, जानकारियां भरने का तरीका आदि के बारे में बताया गया। वहीं जनगणना के लिए बनाए गए पोर्टल सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्ज की जाने वाली जानकारी के बारे में भी अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा जानकारी दी गई।

बता दें कि नगर में कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी, संदीपनी स्कूल लालघाटी, इंटरनल स्कूल सहित अन्य जगह केन्द्र बनाएं गए हैं, जिसमें जनगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## न्यूज कार्नर

### युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री की स्वागत रैली आज



**देवास।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री आशीष झाला की प्रथम नगर आगमन पर स्वागत रैली शनिवार को नगर में आयोजित की गई है। रैली शनिवार दोपहर 4.30 बजे खेड़ापति मंदिर पर दर्शन कर प्रारंभ होगी, जहां से स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया जाएगा। यहां से कार्यकर्ता एबी रोड होते हुए जिला अस्पताल तिराहा स्थित चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। तत्पश्चात मण्डूक पुष्कर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रदेश मंत्री झाला का स्वागत करेंगे। उक्त जानकारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परिहार ने दी।

### आर्मी से सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान



**पीपलरावां।** 12 आर्म्स रेजीमेंट में 17 वर्ष की देश सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर जीवन सिंह बामनिया का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बामनिया खेरिया जागीर माताजी मंदिर से निपानिया हूरहूर देवस्थान मंदिर तक उनका काफिला बढ़ता गया। उनके साथ सरपंच अरुण कुमार जोशी, राजेंद्र फौजी, बनेसिंह अस्ताया आदि ने उनका स्वागत किया। वहीं पीपलरावां नगर पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मंसूरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं प्रेरणा प्रोत्साहन समिति संयोजक शंकर सिंदल एवं प्रहलाद सिंह धाकड़ ने बाबा साहब का चित्र भेंट कर स्वागत किया। यहां से गांव पहुंचने से पहले टेकरी पर देव महाराज के मंदिर की परिक्रमा पश्चात दर्शन किए।

# रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या

## एक युवक गंभीर रूप से घायल, भवानी सागर में पुलिस बल तैनात



मृतक शुभम उर्फ लड्डू



घायल गौतम

**देवास।** शहर के भवानी सागर क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक 19 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपियों ने एक कार में भी तोड़ फोड़ की। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति भी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मामले में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम उर्फ लड्डू पिता महेश नाथ उम्र 19 वर्ष निवासी भवानी सागर नाथ मोहल्ला गुरुवार रात घर पर भोजन कर रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त गौतम (23) का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि कुछ लोग उसे रोककर विवाद कर रहे हैं। इसके बाद लड्डू रात 1 बजे मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा, लेकिन इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान दो आरोपियों ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लड्डू के सीने में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गौतम के पैर में गोली लगी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लड्डू को मृत घोषित कर दिया। जबकि गौतम को इंदौर रेफर किया। वहीं मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया था। शव को घर लाए उस दौरान एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने देर रात को कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### अब भी मिल रही धमकियां

मृतक के भाई पीयूष ने आरोप लगाया कि घटना के बाद कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और धमकी दी कि एक को मार दिया, दूसरे को भी देख लेंगे। परिजनों ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

**दोनों पक्षों** के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था। लड्डू टेकरी क्षेत्र में नारियल-प्रसाद और फोटो की दुकान चलाता था। परिजनों का आरोप है कि आरोपी उससे वसूली की मांग करते थे और पहले भी उसकी बाइक जला चुके थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मृतक और घायल पर भी आरोपियों के खिलाफ पहले मामले दर्ज रहे हैं। मामले में मुख्य आरोपी वरुण बाली सहित रितिक सिहोते, तुषार सिहोते, गट्टू सिहोते, राहुल शूटर, विपिन बाली सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें इंदौर सहित अन्य स्थानों पर रवाना की गई हैं।

**अमित सोलंकी**
**थाना प्रभारी, नाहर दरवाजा**

# गुरुदेव की जन्म जयंती पर प्रतिभाशाली विद्यार्थी पुरस्कृत



**सोनकच्छ।** संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती सेन समाज द्वारा मंगलवार को धूमधाम से मनाई। डाक बंगला रोड स्थित एक गार्डन में समाजजनों ने गुरुदेव की पूजा-अर्चना की। समाज अध्यक्ष ललित नागोरिया सहित वरिष्ठजनों ने वृद्धजनों का तिलक कर भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष कैलाशचंद्र परमार ने वर्तमान अध्यक्ष ललित नागोरिया को तिलक कर साफा बांधकर पुष्पमाला पहनाई। संतोष नागोरिया, महेशचंद्र सिसोदिया, मनोज परमार व शिक्षक संतोष झाला ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं आईआईटी में अव्वल आने वाले होनहार बच्चों को पुरस्कृत किया। नेत्रदानी परिजनों का भी सम्मान किया। आय-व्यय का व्यौरा मनोज परमार ने प्रस्तुत किया।

### आंबेडकर जयंती मनाई

**पीपलरावां।** गत दिवस डॉ. आंबेडकर जयंती पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम धंधेड़ा में आंबेडकर जयंतीम नाई गई। इस दौरान गांव में डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार परमार ने किया एवं आभार विष्णु शिंदे, सागर सिंदल ने माना।

### रेस्टोरेंट की सब्जी में निकली इल्ली

**देवास।** माखन मटकी रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे ग्राहकों को उस समय झटका लगा, जब उनकी सब्जी में इल्ली निकली। रविदास नगर में रहने वाले दीपक चौहान अपने दोस्तों के साथ माखन मटकी रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। उन्होंने अन्य व्यंजनों के साथ आलू-गोभी की सब्जी भी ऑर्डर की। खाना खाते-खाते अचानक उनकी नजर सब्जी पर पड़ी, जहां बड़ी इल्ली दिखाई दी। हैरानी की बात यह रही कि ग्राहक उस सब्जी का आधा हिस्सा खा चुके थे, जिसके बाद सभी के होश उड़ गए। घटना के बाद तुरंत खाद्य विभाग को शिकायत की गई। सूचना मिलते ही खाद्य अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्टोरेंट की किचन का निरीक्षण किया। साथ ही खाने के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद्य विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने शहर के रेस्टोरेंट की साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राहकों का कहना है कि ऐसी लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# बेटियों ने प्रदेश में देवास का गौरव बढ़ाया : विधायक पवार

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं का विधायक ने किया सम्मान



**देवास।** यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देवास की बेटियों ने प्रदेश में हमारा मान बढ़ाया है। आप सभी ऐसे ही आगे बढ़ते रहे। खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार सहित शहर, प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाए। उक्त बात देवास विधायक श्रीमती गायत्रीराजे पवार ने शुक्रवार को विधायक निवास पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली छात्राओं के सम्मान के दौरान कही। विधायक निवास आनंद भवन पैलेस पर कक्षा 10 वीं में प्रदेश में नवां स्थान प्राप्त करने वाली अक्षरा पिता जितेंद्र शिंदे, दसवां स्थान प्राप्त करने वाली पलक पिता शिवराज नामदेव एवं कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा राशि पिता संजय माली का सर्वप्रथम मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं प्रतीक चिन्ह देकर व पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। यह सम्मान पाकर छात्राएं खुश हुई व विधायक पवार के साथ चर्चा करते हुए अपनी सफलता के विषय में अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे, जिन्हें भी विधायक ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा

बेटियों की सफलता से खुश विधायक गायत्रीराजे पवार ने छात्राओं को 10-10 हजार रुपये राशि देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि छात्राओं के अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों को आगे भी पढ़ाए। इन्हें अपनी मर्जी का विषय चुनने दे, उन पर विषय के लिए दबाव नहीं बनाए। उनके पसंद का विषय होगा, तो वे मन लगाकर पढ़ाई करेगी और आपका नाम रोशन करेगी।

### छात्राओं ने जताई विस घूमने की इच्छा

छात्राओं ने विधायक के समक्ष विधानसभा घूमने की इच्छा जताई, जिसे सहर्ष स्वीकारते हुए विधायक पवार ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में उन्हें जरूर विधानसभा का भ्रमण करवाया जाएगा। विधायक ने कहा कि आप बेटियों के भविष्य के लिए ही यशस्वी प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन अधिनियम ला रहे है और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रहे है, ताकि आप विधानसभा-संसद को सिर्फ देखे नहीं, बल्कि अंदर बैठकर प्रतिनिधित्व भी कर सके। विधानसभा देखने की इच्छा दर्शाती है कि इनमें आगे बढ़ने की प्रबल इच्छाशक्ति है।

**CHANGE OF NAME**

My old Name was Harish Kumar sharma S/o Prahlad Sharma. I have Changed my Name my New Name is Harish Sharma S/o Prahlad Sharma I Will be known by my new Name

**HARISH SHARMA S/o PRAHLAD SHARMA**
**Address : 161 Anand Rishi Nagar, Dewas (M.P.) INDIA 455001**

**न्यायालय-श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, कुटुम्ब न्यायालय अशोकनगर जिला अशोकनगर म.प्र.**

**प्रकरण क्र. एम.जे.सी.आर 173/2025**
सपना प्रजापति ---**आवेदिका**
**बनाम**
श्याम किशोर ——**अनावेदक**

**( विज्ञप्ति )**

अनावेदक श्याम किशोर प्रजापति पुत्र कमलेश प्रजापति निवासी 457 ई. डब्ल्यू.एस. राम-सीता मंदिर के पास विकास नगर देवास तह. व थाना व जिला देवास म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सपना प्रजापति पत्नी श्याम किशोर प्रजापति हाल निवासी पितागृह लम्बरदार मोहल्ला वार्ड नम्बर 12 अशोकनगर जिला अशोकनगर द्वारा श्याम किशोर प्रजापति पुत्र कमलेश प्रजापति निवासी 457 ई.डब्ल्यू. एस. राम-सीता मंदिर के पास विकास नगर देवास तहसील व थाना देवास जिला देवास म.प्र. के विरूद्ध आदेश 9 नियम 4 सी.पी.सी का आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त प्रकरण में दिनांक 29/04/2026 नियत है अतः अनावेदक श्याम किशोर को सूचित किया जाता है कि वह पक्ष रखना चाहता है या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह दिनांक 06 / 04 / 2026 को समय 10:30 बजे आवश्यक रूप से स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होवे। अन्यथा आवेदिका के पक्ष में उपरोक्तानुसार निराकृत किया जावेगा। नियत दिनांक 29/04//2026 के अवकाश हो जाने पर प्रकरण अगले कार्य दिवस में सुनवाई में लिया जावेगा।
मेरे न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 16/3/2026 को जारी किया गया।

**केशव मणि सिंहल**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अशोकनगर म.प्र.**

